(63)

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

भाषा प्रौद्योगिकी एवं भाषा अभियांत्रिकी विभाग, भाषा विद्यापीठ

**अध्ययन मंडल (Board of Studies)**

**दिनांक 11.10.2023** **समय: अपरान्ह 04:00 बजे**

## कार्यसूची

| क्र. | विवरण |
|---|---|
| 1 | विभागीय शोध मॉनीटरिंग समिति (DRMC) के कार्यवृत्त का अवलोकन एवं अनुमोदन। |
| 2 | पी-एच.डी शोधार्थियों के शोध निर्देशक का आवंटन। |
| 3 | एम.सी.ए एवं बी.सी.ए पाठ्यचर्या का संशोधन एवं अनुमोदन। |
| 4 | अध्यक्ष/प्रभारी महोदय के अनुमति से अन्य मुद्दे। |

11/10/23

# अध्ययन मंडल (BOS)कीबैठक का कार्यवृत्त

भाषा प्रौद्योगिकी एवं भाषा अभियांत्रिकी विभागके अध्ययन मंडल (BOS)की ऑनलाइन/ऑफलाइन(समिश्र पद्धति)बैठक विभाग के प्रभारी महोदया की अध्यक्षता में दिनांक 11अक्टूबर, 2023(बुधवार) को अपराह्न 04:00 बजे संपन्न हुई।

जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए।

1. प्रो. अवधेश कुमार — अधिष्ठाता, भाषा विद्यापीठ
2. डॉ. हर्षलतापेटकर — अध्यक्ष
3. डॉ दिनेश जोशी — सदस्य (ऑनलाइन) बाह्य विशेषज्ञ
4. प्रो ओ जी काकड़े — सदस्य (ऑनलाइन) बाह्य विशेषज्ञ
5. डॉ सौरभ कुमार — सदस्य (ऑनलाइन) पूर्व शोधार्थी (पी-एच.डी.)

**मद संख्या 01:** विभागीय शोध मॉनीटरिंग समिति (DRMC) के कार्यवृत्त का अवलोकन एवं अनुमोदन।

**निर्णय :**विभागीय शोध मॉनीटरिंग समिति (DRMC) की कार्यवृत्त का अवलोकन कर अनुमोदन किया गया।

**मद संख्या 02:**पी-एच.डी शोधार्थियों के शोध निर्देशक का आवंटन।

**निर्णय:**पी-एच.डी शोधार्थीयोंके शोध निर्देशनका आवंटननिम्नानुसार किया गया

| क्र | शोधार्थी का नाम | पंजीयन संख्या | पंजीयन दिनांक | शोध विषय | पूर्व शोध निर्देशक | आवंटित शोध निर्देशक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री धीरेंद्र यादव | 2018/01/306/002 | 04.07.2018 | कानूनी भाषा हेतुअंग्रेजी-हिंदी मशीनी अनुवाद प्रणाली (English to Hindi Machine Translation System for Legal Language) | डॉ. चंद्रकांत एस. रागीट | डॉ. हर्षलता पेटकर |
| 2. | श्री राकेश रंजन | 2018/01/306/003 | 10.07.2018 | हिंदी पाठ प्रतिक्रिया पूर्वानुमानक (Hindi Text Response Predictor) | डॉ. चंद्रकांत एस. रागीट | डॉ. हर्षलता पेटकर |

- विभाग में अन्य कोई शोध-निर्देशक उपलब्ध न होने के कारण विशेष परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए माननीय कुलपति महोदय की अनुमति से डॉ. हर्षलता पेटकर को शोधार्थी श्री कपिल वि. गावंडे का शोध निर्देशक नामित करने का प्रस्तावित किया गया।
- शोधार्थी सुश्री प्रीति लोखंडे (सत्र 2015-16) के संबंध में चर्चानुसार अध्यादेशों एवं नियमावली का पालन करते हुए आगे की कार्यवाही करने का सुझाव दिया गया।

11/10/23

Scanned with OKEN Scanner

**मद संख्या 03 :** एम.सी.ए एवं बी.सी.ए पाठ्यचर्या का संशोधन एवं अनुमोदन।

**निर्णय :**एम.सी.ए (सत्र 2022-24) एवं बी.सी.ए (सत्र 2022-26) मूल पाठ्यचर्या को यथावत रखते हुए ऐच्छिक पाठ्यचर्याओं को जोड़ा गया एवं अध्ययन मंडल द्वारा अवलोकन कर अनुमोदन किया गया।

**निर्णय :**अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य कोई विषय चर्चा में नहीं आया।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

(ऑनलाइन सहभागिता)
डॉ दिनेश जोशी
(बाह्य विशेषज्ञ)

(ऑनलाइन सहभागिता)
प्रो ओ जी काकड़े
(बाह्य विशेषज्ञ)

(ऑनलाइन सहभागिता)
डॉ सौरभ कुमार
(पूर्व शोधार्थी)

11/10/23
डॉ हर्षलता पेटकर
(प्रभारी,अध्यक्ष)

प्रो. अवधेश कुमार 11/10/23
(अधिष्ठाता, भाषा विद्यापीठ)

Scanned with OKEN Scanner

(60)

ज्ञान शांति मैत्री

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## भाषा प्रौद्योगिकी एवं भाषा अभियांत्रिकी विभाग

### अध्ययन मंडल (BOS) बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक : 06/05/2023

समय : अपराह्न 03:30 बजे

Scanned with OKEN Scanner

(5)

भाषा प्रौद्योगिकी एवं भाषा अभियांत्रिकी विभाग के अध्ययन मंडल (BOS) की बैठक दिनांक 06 मई 2023 को अपराह्न 03:30 बजे ऑफलाइन/आनॅलाइन (समिश्र पद्धति से) आयोजित की गई। उक्त बैठक में लिए गए निर्णय का विवरण निम्नानुसार है:-

1. विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. धनजी प्रसाद को अमरकंटक विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर पद पर नियुक्ति की शुभकामनाएं एवं विभाग में अतिथी अध्यापक डॉ. स्मिता अ. तराले का स्वागत किया गया।
2. विभागीय समिति की बैठकों दिनांक 03.01.2023 एवं 24.03.23 के कार्यवृत्तों को निम्नलिखित सुझाओं के साथ अनुमोदित किया गया।
   - Deep Learning पाठ्यक्रम के क्रेडिट को 02 Credit Theory और 02 Credit Practical करने का सुझाव दिया गया।
   - प्रायोगिक कार्य को विशेष महत्व देते हुए उसका सतत मुल्यांकन करना।
   - MCA एवं BCA के छात्र, नामाकिंत अभियांत्रिकी महाविद्यालय जैसे की VNIT, IIIT इत्यादि में प्राध्यापकों के चल रहे परियोजना कार्य पर Internship की तरह काम कर सकते है।
3. एम.सी.ए. द्वितीय छमाही एवं एम.सी.ए. चतुर्थ छमाही के लिए ऐच्छिक पाठ्यचर्या "डाटा स्ट्रक्चर अँड अल्गोरिदम" को चलाये जाने का अनुमोदन किया गया।
4. विभागीय शोध मॉनीटरिंग समिति (DRMC) के दौरान आए हुए सुझाओं का अवलोकन एवं कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया।
5. बाह्य विशेषज्ञ डॉ. ओ.जी.काकडे ने विभागाध्यक्ष को निमंत्रण के साथ इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट हेतु कंपनियों के नाम और पत्ता देने का आश्वासन दिया।

अनुपस्थित
(आनॅलाईन सहभागिता)
1. प्रो. दिनेश जोशी
बाह्य सदस्य

✓
(आनॅलाईन सहभागिता)
2. प्रो.. ओ.जी. काकडे
बाह्य सदस्य

✓
(आनॅलाईन सहभागिता)
3. श्री सौरभ कुमार
सदस्य (भूतपूर्व शोधार्थी)

6/5/2023
4. डॉ. हर्षलता पेटकर
सदस्य

09/5/2023
5. प्रो. चंद्रकांत एस. रागीट
अध्यक्ष

Scanned with OKEN Scanner

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## भाषाप्रौद्योगिकी एवं भाषा अभियांत्रिकी विभाग

### अध्ययन मंडल (Board of Studies)

**दिनांक 19.10.2022** **समय: अपराह्न 03:30 बजे**

**कार्यसूची**

| क्र. | विवरण |
|---|---|
| 1 | नये सदस्यों का स्वागत। |
| 2 | NEP के अंतर्गत कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक (Bachelor of Computer Application) की पाठ्यचर्या का अवलोकन एवं अनुमोदन |
| 3 | कंप्यूटर एप्लीकेश में स्नातकोत्तर (Master of Computer Application) की पाठ्यचर्या का अवलोकन एवं अनुमोदन। |
| 4 | भाषा प्रौद्योगिकी में स्नातक (Bachelor of Language Technology) की पाठ्यचर्या का अवलोकन एवं अनुमोदन। |
| 5 | अध्यक्ष महोदय की अनुमति से आनेवाले अन्य विषय। |

Scanned with OKEN Scanner

भाषा प्रौद्योगिकी एवं भाषा अभियांत्रिकी विभागके दिनांक 19 अक्तूबर 2022 अपराह्न 03:30 बजे आयोजित अध्ययन मंडल की बैठक (BOS) का कार्यवृत्त।

भाषा प्रौद्योगिकी एवं भाषा अभियांत्रिकी विभागके अध्ययन मंडल की ऑनलाइन बैठक माननीय प्रतिकुलपति एवं विभागाध्यक्ष डॉ. चंद्रकांत एस रागीट की अध्यक्षता में दिनांक 19 अक्तूबर 2022 (बुधवार) को अपराह्न 03:30बजे आयोजित हुई।

जिसमें निम्नलिखित उपस्थित हुए -

| | |
|---|---|
| 1. डॉ. चंद्रकांत एस रागीट | (प्रतिकुलपति एवं अध्यक्ष) |
| 2. डॉ. दिनेश जोशी | बाह्यसदस्य(ऑनलाइन) |
| 3. प्रो. ओ जी काकड़े | बाह्यसदस्य(ऑनलाइन) |
| 4. डॉ. सौरभ कुमार | बाह्यसदस्य(ऑनलाइन) |
| 5. डॉ. हर्षलता पेटकर | आंतरिक सदस्य(ऑनलाइन) |
| 6. डॉ. धनजी प्रसाद | आंतरिक सदस्य(ऑनलाइन) |

**मद संख्या 01:**नवनियुक्त सदस्योंका स्वागत।

**निर्णय :**प्रो. चंद्रकांत एस रागीट महोदय ने अध्ययन मंडल के नवनियुक्तआंतरिक सदस्य डॉ. धनजी प्रसाद, सहायक प्रोफेसरभाषा प्रौद्योगिकी एवं भाषा अभियांत्रिकी विभागएवं सभी सदस्यों का स्वागत किया।

**मद संख्या 02:**NEP के अंतर्गत कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक (Bachelor of Computer Application) की पाठ्यचर्या का अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय:**NEP के अंतर्गत कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक (Bachelor of Computer Application) की पाठ्यचर्या का अवलोकन कर इस पाठ्यचर्या को अनुमोदित किया गया।

मद संख्या 03 :कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातकोत्तर (Master of Computer Application) की पाठ्यचर्या का अवलोकन एवं अनुमोदन।

निर्णय :कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातकोत्तर (Master of Computer Application) की पाठ्यचर्या का अवलोकन कर इस पाठ्यचर्या को अनुमोदित किया गया।

मद संख्या 04:भाषा प्रौद्योगिकी में स्नातक (Bachelorof Language Technology) की पाठ्यचर्या का अवलोकन एवं अनुमोदन।

Scanned with OKEN Scanner

**निर्णय :**भाषा प्रौद्योगिकी में स्नातक (Bachelor of Language Technology) की पाठ्यचर्या का अवलोकन कर इस पाठ्यचर्या को अनुमोदित किया गया।

**मद संख्या 05:**अध्यक्ष महोदय की अनुमति से आनेवाले अन्य विषय।

**निर्णय :**अध्यक्ष महोदय की अनुमति से पीएचडी के शोधार्थियों का पूर्व-प्रस्तुतिकरण एवं एम.फील. के शोधार्थियों के प्रस्तुतिकरण के बारे में चर्चा हुई।

(ऑनलाइन सहभागिता)
डॉ. दिनेश जोशी
(बाह्य विशेषज्ञ)

(ऑनलाइन सहभागिता)
प्रो. ओ. जी. काकड़े
(बाह्य विशेषज्ञ)

(ऑनलाइन सहभागिता)
डॉ. सौरभ कुमार
(बाह्य विशेषज्ञ)

19/10/2022
(ऑफलाइन सहभागिता)
डॉ. हर्षलता पेटकर
(आंतरिक सदस्य)

19-10-22
(ऑफलाइन सहभागिता)
डॉ.धनजी प्रसाद
(आंतरिक सदस्य)

19/10/22
(ऑफलाइन सहभागिता)
डॉ. चंद्रकांत एस रागीट
(प्रतिकुलपति एवं अध्यक्ष)

Scanned with OKEN Scanner

ज्ञान शांति मैत्री

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा

## सूचना एवं भाषा अभियांत्रिकी केंद्र

## अध्ययन मंडल (Board of Studies)

**दिनांक 02.12.2021** **समय: अपरान्ह 03:30 बजे**

**कार्यसूची**

| क्र. | विवरण |
|---|---|
| 1 | नवनियुक्त बाह्यविशेषज्ञ एवं भूतपूर्व शोधार्थी(Alumni) का स्वागत. |
| 2 | पूर्व में आयोजित अध्ययन मंडल की बैठक दिनांक 30.05.2021 का कार्यवृत्त सूचनार्थ प्रस्तुत। |
| 3 | एम.सी.ए. का पाठ्यक्रम संशोधित कर अनुमोदनार्थ प्रस्तुत। |
| 4 | एम.टेक. (संगणकीय भाषाविज्ञान) पाठ्यक्रम की समीक्षा। |
| 5 | डॉ. पीयूष प्रताप सिंह के स्थानांतरण के कारण उनके एमफिल. के शोधरत शोधार्थीयोंके शोधकार्य का दायित्व निदेशक, सूचना एवं भाषा अभियांत्रिकी केंद्र को दिया जाने के संबंध में। |
| 6 | 31 दिसंबर 2021 तक अतिरिक्त समय प्राप्त एम.फिल एवं पी-एच.डी शोधार्थी की शोध प्रगति की समीक्षा एवं वि-पंजीकरण का निर्णय। |
| 7 | आगामी सत्र से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत शुरू होने वाले स्नातक पाठ्यक्रम (कंप्यूटर अनुप्रयोग) के सम्बन्ध में विचार। |
| 8 | अध्यक्ष महोदय की अनुमति से आनेवाले अन्य विषय। |

Scanned with OKEN Scanner

**सूचना एवं भाषा अभियात्रिकी केंद्र के दिनांक 02 दिसंबर 2021 अपरान्ह 03:30 बजे आयोजित अध्ययन मंडल की बैठक (BOS) का कार्यवृत्त।**

सूचना एवं भाषा अभियांत्रिकी केंद्र के अध्ययन मंडल की ऑनलाइन बैठक माननीय प्रतिकुलपति एवं केंद्र निदेशक डॉ चंद्रकांत एस रागीट की अध्यक्षता में दिनांक 02 दिसंबर 2021(बृहस्पतिवार) को अपराह्न 03:30 बजे आयोजित हुई।

जिसमें निम्नलिखित उपस्थित हुए।

1. डॉ चंद्रकांत एस रागीट (प्रतिकुलपति एवं अध्यक्ष)
2. डॉ दिनेश जोशी सदस्य (ऑनलाइन)
3. प्रो ओ जी काकड़े सदस्य (ऑनलाइन)
4. डॉ सौरभ कुमार सदस्य (ऑनलाइन)
5. डॉ हर्षलता पेटकर सदस्य (ऑनलाइन)

**मद संख्या 01:** नवनियुक्त बाह्यविशेषज्ञ एवं भूतपूर्व शोधार्थी(Alumni) का स्वागत।

**निर्णय :**प्रो चंद्रकांत एस रागीट महोदय ने अध्ययन मंडल के नवनियुक्त बाह्यविशेषज्ञ प्रो. ओ.जी. काकड़े, निदेशक आईआईआईटी नागपुर, प्रो डी के जोशी इनचार्ज संगणक विभाग, भूतपूर्व शोधार्थी डॉ सौरभ कुमार एवं सभी सदस्यों का स्वागत किया।

**मद संख्या 02:**पूर्व में आयोजित अध्ययन मंडल की बैठक दिनांक 30.05.2021 का कार्यवृत्त सूचनार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय:**अध्ययन मंडल द्वारा दिनांक 30.05.2021 को संपन्न बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टी की।

**मद संख्या 03 :**एम.सी.ए. का पाठ्यक्रम संशोधित कर अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय :**प्रो. ओ.जी. काकड़े बाह्य विशेषज्ञ अध्ययन मंडल द्वारा एमसीए पाठ्यक्रम में Internship (In-House/Industrial/ Academic/ Research Organization) का प्रावधान करने का सुझाव दिया गया। इस सुझाव का स्वागत करते हुए अध्ययन मंडल ने इसे एमसीए पाठ्यचर्या में सम्मिलितकरने के निर्णय को संस्तुति प्रदान की।

**मद संख्या 04:**एम.टेक. (संगणकीय भाषाविज्ञान) पाठ्यक्रम की समीक्षा।

**निर्णय :**एम.टेक. (संगणकीय भाषाविज्ञान) पाठ्यक्रम की समीक्षा की गई एवं निर्णय लिया गया की M-CL 401 को निम्नानुसार संशोधित किया जाए।

| | CourseTitle | CourseTitle (संशोधित) |
|---|---|---|
| M-CL 401 | Project Work<br>Internship - 10<br>Project Thesis - 4<br>Viva & Presentation - 2 | Project Work<br>Internship (In-House/Industrial/ Academic/ Research Organization)- 10<br>Project Thesis - 4<br>Viva & Presentation - 2 |

Scanned with OKEN Scanner

**मद संख्या 05:** डॉ. पीयूष प्रताप सिंह के जे.एन.यू. नई दिल्ली में नियुक्ति के कारण उनके एम.फिल. के शोधरत शोधार्थीयोंके शोधकार्य का दायित्व निदेशक, सूचना एवं भाषा अभियांत्रिकी केंद्र को दिया जाने के संबंध में।

**निर्णय :** डॉ. पीयूष प्रताप सिंह जे.एन.यू. नई दिल्ली में नियुक्ति के कारण उनके एम.फिल. के शोधरत शोधार्थीयोंके शोधकार्य का दायित्व निदेशक, सूचना एवं भाषा अभियांत्रिकी केंद्र को दिया जाने के संबंध में कार्योत्तर स्वीकृति दी गई।

स्कूल बोर्ड की 20 बैठक दिनांक 22.11.2021 में मद संख्या 02 के निर्णय का संदर्भ लेते हुए शोधार्थीयों का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र | शोधार्थी का नाम | पंजीयन संख्या | पंजीयन दिनांक | शोध विषय | पूर्व शोध निर्देशक | आवंटित शोध निर्देशक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जावेद शेख | 2018/01/20 2/001 | 04/09/201 8 | हिंदी पाठ-लक्षण का विश्लेषक एवं पहचानक (Analyzer and Identifier of Hindi Text Feature) | डॉ पीयूष प्रताप सिंह | डॉ चंद्रकांत एस रागीट |
| 2 | प्रतीक्षा कुमारी | 2019/01/20 2/001 | 25/07/201 9 | हिंदी-संस्कृत और भोजपुरी भाषा की ऑनलाइन शब्दावली : शिक्षा क्षेत्र के विशेष संदर्भ में ( Online Glossary of Hindi, Sanskrit and Bhojpuri language: With special reference in Education area ) | डॉ पीयूष प्रताप सिंह | डॉ चंद्रकांत एस रागीट |
| 3 | मुकुंद कुमार | 2019/01/20 2/002 | 20/07/201 9 | विदेशी भाषा के रूप में हिंदी के शिक्षण हेतु आडिओ-विजुअल पद्धति आधारित कंप्यूटेशनल मॉडल का निर्माण ( Development of Computational Model for Teaching of Hindi as a foreign language using Audio-Visual Approach) | अध्ययन मंडल में विचाराधीन | डॉ चंद्रकांत एस रागीट |

**मद संख्या 06:**31 दिसंबर 2021 तक अतिरिक्त समय प्राप्त एम.फिल एवं पी-एच.डी शोधार्थी की शोध प्रगति की समीक्षा एवं वि-पंजीकरण का निर्णय।

निर्णय :मद संख्या 06के संदर्भ में केंद्र के शोधार्थी श्री तूफान सिंह पारधी (पी-एच.डी), सुश्री प्रीति लोखंडे (पी-एच.डी), सुश्री प्रज्ञा भगत (पी-एच.डी), सुश्री बिलकिश बानो (एमफ़िल), सुश्री प्रतीक्षा कुमारी (एमफ़िल), श्री जावेद शेख (एमफ़िल) एवं श्री मुकुंद कुमार (एमफ़िल) द्वारा आवेदन प्राप्त हुए। इन आवेदनो पर चर्चा उपरांत

Scanned with OKEN Scanner

अध्ययन मंडल द्वारा निर्णय लिया गया की 31 दिसंबर 2021 तक शोधार्थी अपना शोध प्रबंध जमा कर सकते है एवं सुश्री प्रज्ञा भगत द्वारा दिये गए वि-पंजीकरण आवेदन को स्वीकृत किया गया।

यूजीसी के दिशानिर्देशानुसार अतिरिक्त समय अवधि विस्तार इन शोधार्थीयों को लागू रहेगा।

**मद संख्या 07:**आगामी सत्र से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत शुरू होने वाले स्नातक पाठ्यक्रम (कंप्यूटर अनुप्रयोग) के संबंधमें विचार।

**निर्णय :** आगामी सत्र से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत शुरू होने वाले स्नातक पाठ्यक्रम (कंप्यूटर अनुप्रयोग) का ढांचा, निदेशक सूचना एवं भाषा अभियांत्रिकी केंद्र की अध्यक्षता में बनाया जाएगा एवं अध्ययन मंडल के सभी सम्माननीय सदस्यों की उसपर ईमेल द्वारा टिप्पणी प्राप्त की जाएगी। अध्ययन मंडल के सदस्य डॉ सौरभ कुमार द्वारा प्राप्त सुझाव **"पाठ्यक्रम को प्रभावी एवं रोजगारभीमुख बनाने के लिए पाठ्यक्रम निर्माण में Industry personnel की सहभागिता आवश्यक है"** का स्वागत करते हुए अध्यक्ष अध्ययन मंडल द्वारा इस सुझाव के क्रियान्वयन हेतु सभी सन्माननीय सदस्यो से अनुरोध किया गया।

**मद संख्या 09:**अध्यक्ष महोदय की अनुमति से आनेवाले अन्य विषय।

**निर्णय :**अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य कोई विषय चर्चा में नहीं आया।

(ऑनलाइन सहभागिता)
डॉ दिनेश जोशी
(बाह्य विशेषज्ञ)

(ऑनलाइन सहभागिता)
प्रो ओ जी काकड़े
(बाह्य विशेषज्ञ)

(ऑनलाइन सहभागिता)
डॉ सौरभ कुमार
(बाह्य विशेषज्ञ)

(ऑनलाइन सहभागिता)
डॉ हर्षलता पेटकर
(आंतरिक सदस्य)

03/12/2021
(ऑनलाइन सहभागिता)
डॉ चंद्रकांत एस रागीट
(अध्यक्ष एवं निदेशक)

Scanned with OKEN Scanner

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## सूचना एवं भाषा अभियांत्रिकी केंद्र

### अध्ययन मंडल (Board of Studies)

**दिनांक 30.05.2021** **समय: पूर्वाह्न 11:00 बजे**

**कार्यसूची**

| क्र. | विवरण |
|---|---|
| 1 | पूर्व में आयोजित अध्ययन मण्डल की बैठक दिनांक 26 अक्तूबर 2020 का कार्यवृत्त सूचनार्थ प्रस्तुत। |
| 2 | प्रो. विजय कुमार कौल के सेवानिवृत्ति के पश्चात विश्वविद्यालय कार्यालयादेश क्रमांक**006/Estt/2010/4-2/Vol.IV/577** दिनांक **20/05/2021** अनुसार प्रो. चंद्रकांत रागीट प्रतिकुलपति को निदेशक, सूचना एवं भाषा अभियांत्रिकी केंद्र का दायित्व सौपा गया है।<br>उक्त के अनुसार प्रो. चंद्रकांत रागीट जी को अध्ययन मंडल का अध्यक्ष नियुक्त करने के संदर्भ में। |
| 3 | LOCF के अनुसार एम.टेक. एवं एम.सी.ए. का पाठ्यक्रम संशोधित कर अनुमोदनार्थ प्रस्तुत। |
| 4 | प्रो. विजय कुमार कौल के सेवानिवृत्ती एवं डॉ. पीयूष प्रताप सिंह के स्थानांतरण के कारण इन दोनों के अधीन शोधरत शोधार्थियों का शोधकार्य का दायित्व निदेशक, सूचना एवं भाषा अभियांत्रिकी केंद्र को दिया जाने के संबंध में। |
| 5 | सत्र 2019-20 प्रवेशित एम.फिल/पीएच.डी शोधार्थी के शोध प्रगति की समीक्षा एवं शोध निर्देशक का निर्णय। |
| 6 | अध्यक्ष की अनुमति से आनेवाले अन्य विषय। |

**सूचना एवं भाषा अभियांत्रिकी केंद्र के दिनांक 30.05.2021 पूर्वाहन 11:00 बजे आयोजित अध्ययन मंडल की बैठक (BOS) का कार्यवृत्त**

सूचना एवं भाषा अभियांत्रिकी केंद्र के अध्ययन मंडल की ऑनलाइन बैठक माननीय प्रतिकुलपति एवं केंद्र के निदेशक प्रो. चंद्रकांत एस. रागीट की अध्यक्षता में दिनांक 30.05.2021 (रविवार) को पूर्वाहन 11.00 बजे आयोजित हुई। जिसमें निमनलिखित उपस्थित हुए-

1. प्रो. चंद्रकांत एस. रागीट प्रतिकुलपति एवं अध्यक्ष
2. डॉ. दिनेश जोशी सदस्य (ऑनलाइन)
3. प्रो. आर. सी. शर्मा सदस्य (ऑनलाइन)
4. डॉ. सौरभ कुमार सदस्य (ऑनलाइन)
5. डॉ. हर्षलता पेटकर सदस्य (ऑनलाइन)

बैठक के शुरुवात में प्रो. चंद्रकांत एस. रागीट महोदय का सूचना एवं भाषा अभियांत्रिकी केंद्र के निदेशक के रूप में नियुक्त होने पर सभी अध्ययन मंडल के सन्माननीय सदस्यों द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन का प्रस्ताव बाह्य विशेषज्ञ डॉ दिनेश जोशी ने रखा और उक्त का अनुमोदन बाह्य विशेषज्ञ प्रो. आर. सी. शर्मा द्वारा किया गया।

**मद संख्या 01:** पूर्व में आयोजित अध्ययन मंडल की बैठक दिनांक 26 अक्तूबर 2020 के कार्यवृत्त की संपुष्टि

निर्णय: अध्ययन मंडल द्वारा दिनांक 26 अक्तूबर, 2020 को संपन्न बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की।

**मद संख्या 02:** प्रो. विजय कुमार कौल के सेवानिवृत्ति के पश्चात विश्वविद्यालय कार्यालयादेश क्रमांक**006/Estt/2010/4-2/Vol.IV/577** दिनांक **20/05/2021** अनुसार प्रो. चंद्रकांत रागीट प्रतिकुलपति को निदेशक, सूचना एवं भाषा अभियांत्रिकी केंद्र का दायित्व सौंपा गया है।

उक्त के अनुसार प्रो. चंद्रकांत रागीट जी को अध्ययन मंडल का अध्यक्ष नियुक्त करने के संदर्भ में।

निर्णय: उक्त के अनुसार प्रो. चंद्रकांत रागीट को अध्ययन मंडल का अध्यक्ष की नियुक्ति पर सभी सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया।

**मद संख्या 03:** LOCF के अनुसार एम.टेक. एवं एम.सी.ए. का पाठ्यक्रम संशोधित कर अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय:** उक्त् के अनुसार अनुमोदन प्रदान किया गया। साथही एम.टेक. पाठ्यक्रम में नवाचार एवं रोजगारमुखी माना गया साइबर सुरक्षा यह पाठ्यक्रम LOCF के अंतर्गत एम.टेक. प्रथम छमाही डॉ हर्षलता पेटकर द्वारा प्रस्तावित किया गया एवं चर्चा उपरांत उसपर कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

**मद संख्या 04:** प्रो. विजय कुमार कौल के सेवानिवृत्ति एवं डॉ. पीयूष प्रताप सिंह के स्थानांतरण के कारण इन दोनों के अधीन शोधरत शोधार्थियों का शोधकार्य का दायित्व निदेशक, सूचना एवं भाषा अभियांत्रिकी केंद्र को दिए जाने के संबंध में।

**निर्णय:** प्रो. विजय कुमार कौल के सेवानिवृत्ती एवं डॉ. पीयूष प्रताप सिंह के स्थानांतरण के कारण इन दोनों के शोधरत शोधार्थियों का शोधकार्य का दायित्व निदेशक, सूचना एवं भाषा अभियांत्रिकी केंद्र को दिया जाने के संबंध में चर्चा हुई। चर्चा के दौरान बाह्य विशेषज्ञ प्रो आर सी शर्मा जी ने सूचित किया की विश्वविद्यालय के नियमानुसार सेवानिवृत्ति एवं स्थानांतरित शोध निर्देशक के शोधरत शोधार्थियों के शोधकार्य को सुचारु रूप से सम्पन्न करने हेतु उन शोधार्थियों का दायित्व केंद्र के निदेशक को सौंपा जाता है। पूर्व शोध निर्देशक, सह शोध निर्देशक के रूप में कार्य कर सकते है जिस कारण शोधकार्य अधिक बेहतर रूप से किया जा सके।

शोध निर्देशक: प्रो विजय कुमार कौल

| शोद्यार्थी का नाम | प्रवेश तिथि | पंजीयन संख्या एवं तिथि | शोध विषय |
|---|---|---|---|
| श्री राकेश रंजन | 10.07.2018 | 2018/01/306/003 | हिंदी पाठ प्रतिक्रिया पुर्वनुमानक |

शोध निर्देशक: डॉ. पीयूष प्रताप सिंह

| शोद्यार्थी का नाम | प्रवेश तिथि | पंजीयन संख्या एवं तिथि | शोध विषय |
|---|---|---|---|
| सुश्री प्रिती स. लोखंडे | 15.07.2015 | 2015/01/312/002 | मराठी हेतु अर्थगत भूमिका चिन्हीकरण प्रणाली का विकास |
| सुश्री प्रज्ञा भगत | 22.07.2016 | 2016/01/306/004 | छत्तीसगढ़ी भाषा के लिए पी.ओ.एस. टैगर |
| श्री धीरेंद्र यादव | 04.07.2018 | 2018/01/306/002 | क़ानूनी भाषा हेतु अंग्रेजी-हिंदी मशीन अनुवाद प्रणाली |
| श्री कपिल गावर्डे | 22.07.2019 | 2019/01/306/001 | हिंदी पाठ समानता साहित्यिक चोरी के संदर्भ में |

**मद संख्या 05:** सत्र 2019-20 प्रवेशित एम.फिल/पीएच.डी शोधार्थी के शोध प्रगति की समीक्षा एवं शोध निर्देशक का निर्णय।

**निर्णय:** दिनांक 26 अक्तूबर, 2020 को आयोजित अध्ययन मंडल की बैठक में मद संख्या 04 में निम्न निर्णय लिया गया था।

**"सत्र 2019-20 में प्रवेशित एम.फिल शोधार्थी श्री मुकुन्द कुमार के आवेदन के संदर्भ में उनके द्वितीय छमाही के परीक्षा परिणाम प्राप्त होने पर विचार किया जाएगा।"**

उक्त निर्णयानुसार मद संख्या 05 को संस्तुति पर अनुमोदन किया गया एवं उक्त पर विश्वविद्यालय नियमानुसार कारवाई करने पर सहमति हुई।

**मद संख्या 06:** अध्यक्ष की अनुमति से आनेवाले अन्य विषय।

**निर्णय**: अध्यक्ष की अनुमति से अन्य कोई विषय चर्चा में नहीं आया।

| | | |
|---|---|---|
| (ऑनलाइन सहभागिता)<br>डॉ. दिनेश जोशी<br>(बाह्य सदस्य) | (ऑनलाइन सहभागिता)<br>प्रो. आर. सी. शर्मा<br>(बाह्य सदस्य) | (ऑनलाइन सहभागिता)<br>डॉ. सौरभ कुमार<br>(बाह्य सदस्य) |

| | |
|---|---|
| 01/06/2021<br>(ऑनलाइन सहभागिता)<br>डॉ. हर्षलता पेटकर<br>(आंतरिक सदस्य) | 31/05/2021<br>(ऑनलाइन सहभागिता)<br>प्रो. चंद्रकांत एस. रागीट<br>(अध्यक्ष एवं निदेशक) |

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## सूचना एवं भाषा अभियांत्रिकी केंद्र
## अध्ययन मंडल (BoS) की बैठक

## अध्ययन मंडल

**(Board of Studies)**

दिनांक: 26.10.2020 समय : अपराह्न 11.30 बजे

## कार्यसूची

अनुक्रमणिका

| क्र. | विवरण | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| मद संख्या 01 | पूर्व में आयोजित अध्ययन मंडल की बैठक दिनांक 20 अप्रैल, 2020 का कार्यवृत्त सूचनार्थ प्रस्तुत। | 01 |
| मद संख्या 02 | LOCF के अनुसार पाठ्यक्रम संरचना में परिवर्तन संबंधित स्वीकृति अनुमोदन हेतु प्रस्तुत। | |
| मद संख्या 03 | शोधार्थियों के शोध समय-सीमा विस्तार एवं प्रगति से संबंधित स्वीकृति अनुमोदन हेतु प्रस्तुत। | |
| मद संख्या 04 | सत्र 2019-20 में प्रवेशित एम.फिल. शोधार्थी के प्रस्तुतीकरण एवं शोध -प्रगति की समीक्षा अनुमोदन हेतु प्रस्तुत। | |
| मद संख्या 05 | सत्र 2019-20 में प्रवेशित एम.फिल./पी.एच.डी. शोधार्थी की प्रस्तुतीकरण तथा शोध-विषय एवं शोध निर्देशक का निर्णय तथा आवंटन स्वीकृति एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत। | |
| मद संख्या 06 | नाम पद्धति (एम.आई.एल.ई. को एम.सी.ए.) में परिवर्तन के संबंध में स्वीकृति एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत। | 02 |
| मद संख्या 07 | केंद्रीय प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होने के संदर्भ में स्वीकृति एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत। | |
| मद संख्या 08 | सुश्री गुंजन जैन के सह- शोध निर्देशक के विषय में विश्वविद्यालय द्वारा भेजी गयी सूचना पर चर्चा तथा स्वीकृति एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत। | |
| मद संख्या 09 | पी-एच.डी शोधार्थी श्री शिशिर कुमार वि-पंजीयन (De- Registration) कराने के संबंध में स्वीकृति एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत। | |
| मद संख्या 10 | समस्त पाठ्यक्रमों (एम.आई.एल.ई., एम.टेक., एम.फिल., पी-एच.डी., पी.जी.डी.सी.ए.) के विद्यार्थियों/शोधार्थियों को परियोजना-कार्य जमा करते वक्त सोर्स-कोड जमा करने की अनिर्वाता तथा स्वीकृति एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत । | 03 |
| मद संख्या 11 | अध्यक्ष के अनुमति से आने वाले अन्य विषय | |

## सूचना एवं भाषा अभियांत्रिकी केंद्रकी आनॅलाईन आयोजित दिनांक : 26.10.2020 अपराह्न 11.30 बजे अध्ययन मंडल (BOS) बैठक का कार्यवृत्त

मद संख्या 01- पूर्व में आयोजित अध्ययन मंडल की बैठक दिनांक 20 अप्रैल, 2020 का कार्यवृत्त सूचनार्थ प्रस्तुत।

दिनांक 20 अप्रैल, 2020 को आयोजित अध्ययन मंडल की बैठक के कार्यवृत्त की जानकारी दी गयी। (सलग्नक- पृष्ठ सं.05-07)

निर्णय :

मद संख्या 02- विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार अधिगम परिणाम आधारित पाठ्यक्रम संरचना (LOCF) के 90 क्रेडिट को प्रदत्त प्रारूप (पाठ्यक्रम संरचना विवरण+पाठ्यचर्या संरचना विवरण) के अनुरूप, विभाग द्वारा तैयार की गई सामग्री का अवलोकन कर चर्चा-उपरांत 2020-21 से लागू करने के लिए संस्तुतिपरक अनुमोदन किया गया। (संलग्नक- पृष्ठ सं. 08-122)

निर्णय :

मद संख्या 03- विश्वविद्यालय के पत्र क्र. 04A/प.अ.कै./2020-21/154 दिनांक 05 मई, 2020 के अनुसार वर्तमान कोविड -19 महामारी के कारण सभी शोधार्थियों को 06 माह की छूट अवधि (Grace Period) दी गई है।
अत: श्री तूफान सिंह पारधी द्वारा निवेदित समय-विस्तार की आवश्यकता नही है। यदि किसी शाधार्थी को इस विस्तार के बाद समय-विस्तार की आवश्यकता होगी तो शोधार्थी विशेष के निवेदन पर आवश्यकतानुसार यथोचित निर्णय के लिए अध्ययन मंडल द्वारा विचार किया जाएगा। शोधार्थियों की शोध-प्रगति के विषय में चर्चा की गई एवं संतोषजनक पायी गई। (शोधार्थी के द्वारा दिया हुआ आवेदन एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत सूचना संलग्नक पृष्ठ सं.123-124)

निर्णय :

मद संख्या 04- सत्र 2019-20 में प्रवेशित एम.फिल. शोधार्थी श्री मुकुंद कुमार के आवेदन के संदर्भ में उनके द्वितीय छमाही के परीक्षा परिणाम प्राप्त होने पर विचार किया जाएगा।

निर्णय :

मद संख्या 05- पी-एच.डी. शोधार्थी श्री कपिल गावंडे (सत्र : 2019-20) की शोध विषयक व्यापक प्रस्तुतिकरण एवं चर्चा के उपरांत निम्नलिखित निर्णय लिया गया की डॉ. पीयूष प्रताप सिंह के निर्देशन में वे अपना शोध-कार्य करेंगे। (शोधार्थी का शोध- प्रारूप, संलग्नक पृष्ठ सं.125-133)

| क्र. | शोधार्थी का नाम | पंजीयन संख्या | पंजीयन दिनांक | शोध विषय | शोध निर्देशक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कपिल विलासराव गावंडे | 2019/01/306/001 | 22.07.2019 | "हिंदी पाठ समानता साहित्यिक चोरी के संदर्भ में" (Hindi Text Similarity in the Context of plagiarism) | डॉ. पीयूष प्रताप सिंह |

**निर्णय :**

**मद संख्या 06-** विस्तृत चर्चा के उपरांत अध्ययन मंडल के सज्ञांन में लाया गाया की निम्न लिखित कारणों से प्रचलित पाठ्यकम एम.आई.एल.ई. को नये अनुमोदित नाम एम.सी.ए. में परिवर्तित किया जाए।

(अ) रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम के रूप में एम.सी.ए. पाठ्यक्रम की वर्तमान समय में रोजगार की संभावना वाली कंपनीयों में अधिक स्वीकृति एवं मान्यता।

(आ) रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम होन के कारण छात्रों में सामान्यत: स्वीकृति।

(इ) हिंदी माध्यम क्षेत्रों से योग्य एवं मेधावी छात्रों के पाठ्यकम में आने की प्रबल संभावना।

(ई) एम.सी.ए. (MCA) पाठ्यक्रम कई केंद्रीय विश्वविद्यालय में पहले से प्रचलित है। अत: प्रवेश परीक्षा हेतु किसी भी केंद्रीकृत प्रवेश परीक्षा में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय का शामिल होना सुलभ होगा।

सूचना एवं भाषा अभियांत्रिकी केंद्र की परंपरा अपेक्षा एवं विशेषज्ञता के अनुरूप पाठ्यक्रम के अध्ययन के केंद्र में प्राकृतिक भाषा संसाधन रहेगा। अत: व्यापक चर्चा उपरांत एम.आई.एल.ई. (MILE) पाठ्यक्रम का नाम बदलकर एम.सी.ए. (MCA) करने की संस्तुति की गयी।

| केंद्र में प्रचलित पाठ्यक्रम | अनुमोदित नाम |
|---|---|
| एम.आई.एल.ई. (मास्टर इन इंफॉर्मेटिक्स एंड लैंग्वेज इंजिनियरिंग)<br>MILE (Master in Informatics and Language Engineering) | एम.सी.ए.(मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन)<br>MCA (Master of Computer Application) |

**निर्णय :**

**मद संख्या 07-** केंद्र में चलने वाले स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों को केंद्रीय प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होने की चर्चा उपरांत संस्तुति की गई।

**निर्णय :**

**मद संख्या 08-** विश्वविद्यालय द्वारा प्रेषित डॉ. रामचंद्र पी.भावसार को सुश्री गुंजन जैन (सत्र: 2016-17) का सह-शोध निर्देशक नामित किया गया।

| क्र. | शोधार्थी का नाम | पंजीयन संख्या | शोध विषय | शोध निर्देशक | सह-शोध निर्देशक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सुश्री गुंजन जैन | 2016/01/306/005 | "हिंदी समासिक शब्द पहचानक, विश्लेषक एवं सर्जक" | डॉ. हर्षलता पेटकर | डॉ. रामचंद्र भावसार |

**निर्णय :**

**मद संख्या 09-** पी-एच.डी. शोधार्थी श्री शिशिर कुमार (सत्र: 2016-17) द्वारा प्राप्त वि-पंजीयन (De-Registration) आवेदन पर विचारापरांत सहमति देकर पारित किया गया। (शोधार्थी के द्वारा दिया हुआ आवेदन, संलग्नक पृष्ठ सं. 134)

निर्णय :

मद संख्या 10- समस्त पाठयक्रमों के विद्यार्थियों/शोधार्थियों को परियोजना-कार्य जमा करते वक्त सोर्स-कोड जमा करने की अनिवार्यता को निम्ननिखित कारणों से संस्तुतिपरक अनुमोदन किया गया।

(1) MHRD, I-STEM, Portal, MHRD Innovation Cell इत्यादि के पोर्टल पर समय-समय पर विश्वविद्यालय को अपने अनुप्रयोग (Tools) अपलोड करने पड़ते है।

(2) सभी नवाचारों एवं Patent/Copyright की संभावनाओं हेतु भी सोर्स-कोड की अनिवार्यता आवश्यक है।

(3) साहित्यिक चोरी (Plagiarism) एवं पुनरावृत्ति से भी बचा जा सकता है।

(4) केंद्र में अनुप्रयोगों की सूचीबद्धता में सहायता होगी।

निर्णय :

मद संख्या 11- अध्यक्ष, अध्ययन मंडल, सूचना एवं भाषा अभियांत्रिकी केंद्र की अनुमति से निम्न मुद्दे पर चर्चा की गयी।

- केंद्र में शोधरत, विश्वविद्यालय के कर्मचारियों की सीट संख्या को नियत सीट संख्या से अतिरिक्त मानने के संबंध में।

  विवरणिका (सत्र : 2016-17) पृष्ठ संख्या 05 के अनुसार पी-एच.डी (इन्फॉमेटिक्स एंड लैग्वेज इंजीनियरिंग) की 05 सीटों को विज्ञापित किया गया था। अपितु उन सीटों पर चयनित अभ्यार्थियों की सूची दिनांक 15 जुलाई, 2016 एवं 22 अगस्त, 2016 के अनुसार कुल सात शोद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया। द्वितीय सूची में चयनित शोधार्थी विश्वविद्यालय के कर्मचारी होने के कारण उनकी सीट संख्या को नियत सीट संख्या से अतिरिक्त माना गया था। अत: व्यापक चर्चा उपरांत केंद्र में शोधरत विश्वविद्यालय की कर्मचारी सुश्री गुंजन जैन (सत्र : 2016-17) जो कि विश्वविद्यालय की कर्मचारी हैं, उनकी सीट को भी उनकी शोध-निर्देशक डॉ. हर्षलता पेटकर की नियत शोधार्थी संख्या से अतिरिक्त मानने की संस्तुति की गई। (संलग्नक पृष्ठ सं.135-137)

(आर्नॅलाईन सहभागिता)
1. प्रो. आर. सी. शर्मा
बाह्य सदस्य

(आर्नॅलाईन सहभागिता)
2. प्रो. दिनेश जोशी
बाह्य सदस्य
(किसी कारणवश उपस्थित होने में असमर्थ)

(आर्नॅलाईन सहभागिता)
3. श्री सौरभ कुमार
(भूतपूर्व शोधार्थी) सदस्य

(आर्नॅलाईन सहभागिता)
4. डॉ. पीयूष प्रताप सिंह
सदस्य

(आर्नॅलाईन सहभागिता)
5. डॉ. हर्षलता पेटकर
सदस्य

(आर्नॅलाईन सहभागिता)
प्रो. विजय कुमार कौल
अध्यक्ष

## सूचना एवं भाषा अभियांत्रिकी केंद्र की दिनांक 20 अप्रैल 2020 अपराह्न 03:00 बजे आयोजित आनॅलाईन अध्ययन मंडल (BOS) बैठक का कार्यवृत्त

1. पूर्व में आयोजित अध्ययन मंडल की बैठक (30/08/2019) का अवलोकन कर अनुमोदित किया गया।

2. केंद्र में संचालित पाठ्यक्रम को एम.आई.एल.ई. को च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (CBCS) के अंतर्गत निर्मित पाठ्यक्रम को संशोधन कर पारित किया गया।

3. केंद्र में संचालित एम.टेक. (सी.एल.) को च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (CBCS) के अंतर्गत निर्मित पाठ्यक्रम को संशोधन कर पारित किया गया।

4. केंद्र में संचालित एम.फिल. (सी.एल.) को च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (CBCS) के अंतर्गत निर्मित पाठ्यक्रम को संशोधन कर पारित किया गया।

5. केंद्र में संचालित पाठ्यक्रम पी-एच.डी. (आई.एल.ई.) को च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (CBCS) के अंतर्गत निर्मित पाठ्यक्रम को संशोधन कर पारित किया गया।

6. केंद्र में संचालित पाठ्यक्रम को पी.जी.डी.सी.ए. को च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (CBCS) के अंतर्गत निर्मित पाठ्यक्रम को संशोधन कर पारित किया गया।

7. सत्र 2019-20 में प्रवेशित एम.फिल. विद्यार्थियों के प्रस्तुतिकरण संगोष्ठी आयोजित कर शोध विषय व शोध निर्देशक का आवंटन किया गया।

| क्रमांक | शोधार्थी का नाम | पंजीयन संख्या | पंजीयन दिनांक | शोध विषय | शोध निर्देशक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रतीक्षा कुमारी | 2019/01/202/001 | 25.07.2019 | **"भारतीय भाषाओं का त्रीभाषिक ऑनलाइन शब्दकोश संकलन" (Compilation of Indian languages online multilingual dictionary)** | डॉ. पीयूष प्रताप सिंह |
| 2 | मुकुंद कुमार | 2019/01/202/002 | 20.07.2019 | अनुपस्थित | |

8. सत्र 2019-20 में प्रवेशित पी-एच.डी. (आई.एल.ई.) शोधार्थी के प्रस्तुतिकरण संगोष्ठी आयोजित कर शोध विषय व शोध निर्देशक का आवंटन किया गया।

| क्रमांक | शोधार्थी का नाम | पंजीयन संख्या | पंजीयन दिनांक | शोध विषय | शोध निर्देशक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कपिल विलासराव गावंडे | 2019/01/306/001 | 22.07.2019 | **"हिंदी पाठ समानता साहित्यिक चोरी के संदर्भ में" (Hindi Text Similarity in The Context of plagiarism)** | --- |

9. सत्र 2015-16 में प्रवेशित पी-एच.डी. शोधार्थी सुश्री गुंजन जैन पर मा. कुलपति महोदय के अध्यक्षता में परामर्श बैठक के कार्यवृत्त एवं प्रशासन द्वारा जारी पत्रांक103/Admin/2013/25/10 दिनांक 21.08.2019 के परिपालन में प्रो. गिरीशनाथ झा, निदेशक, संस्कृत अध्ययन केंद्र, जवाहार लाल नेहरू विश्वविद्यालय को सह- शोध निर्देशक नामित करने के लिए केंद्र निदेशक द्वारा पत्राचार कार्यवाही पर प्रो. गिरीशनाथ झा से दूरभाष पर हुई चर्चानुसार प्रशासन द्वारा पत्र प्रेषित करने को कहा गया अत: निदेशक द्वारा प्रशासन से आवश्यक कार्यवाही कर सक्षम अधिकारी द्वारा पत्र निर्गत कराया जाए।

10. सत्र 2013-14 के पी-एच.डी. शोद्यार्थी श्री प्रितेन्द्र कुमार मालाकार (प्रवेश तिथि 26.07.2013/पूर्व प्रस्तुति दिनांक 09.04.2018/शोध प्रबंध केंद्र में प्रस्तुत करने की तिथि 14.07.2019) पर मा. कुलपति महोदय से पूर्व-प्रस्तुति पर प्राप्त आदेश के अनुसार परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पूर्व-प्रस्तुति का आयोजन कर शोध-प्रबंध मूल्यांकन के लिए भेजा जाए।

11. सत्र 2014-15 के पी-एच.डी. शोद्यार्थी श्री दिव्य शंकर मिश्र (प्रवेश तिथि 08.008.2014/पूर्व प्रस्तुति दिनांक 09.04.2018शोध प्रबंध केंद्र में प्रस्तुत करने की तिथि 22.04.2019) पर मा. कुलपति महोदय से पूर्व-प्रस्तुति पर प्राप्त आदेश के अनुसार परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पूर्व-प्रस्तुति का आयोजन कर शोध-प्रबंध मूल्यांकन के लिए भेजा जाए।

12. सत्र 2014-15 के पी-एच.डी. शोद्यार्थी सुश्री प्रिती लोखंडे के आवेदन परशोध निर्देशक की अनुशंसा में शोध कार्य संबंधित प्रगति संतोषजनक नहीं पायी गई (विश्वविद्यालय के पत्रांक: 005/2018/DA&R/01/598 दिनांक 02.08.2019) द्वारा शोद्यार्थी के विपंजीकरण (DE-

REGISTRATION) पर दिनांक 12.10.2019 को आयोजित स्कुल-वोर्ड के अनुशंसा का पालन करते हुए दिनांक 05 जुलाई 2020 तक शोध प्रगति एवं शोध निर्देशक से टिप्पणी प्राप्त कर आगामी अध्ययन मडंल में प्रस्तुत किया जाए।

13. केंद्र मे शोध कार्य यथावत चलाने के लिए शोध कार्यों को बढ़वा देने के लिए प्रो. चंद्रकांत रागीट, प्रति कुलपति, महात्मा गांधी अंतराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, जो की कृत्रिम बुद्धि विषय के विशेषज्ञ है, को केंद्र में शोध निर्देशक नामित करने की अनुशंसा की जाती है।

14. ए.आई.सी.टी.ई. से मान्यता प्राप्त एम. टेक. पी.जी.डी.सी.ए. के शुल्क निर्धारण के संबंध में निर्णय लेने के लिए प्रशासन से पत्राचार कर समिति गठन किया जाए। केंद्र के सहायक प्रध्यापक 1. पीयूष प्रताप सिह 2. डॉ. हर्षलता पेटकर सदस्य एवं प्रशासन द्वारा नामित एक सदस्य को रखकर समिति गठन किया जाए।

15. केंद्र मे चल रहे पी.जी.डी.सी.ए. पाठ्यक्रम के सीटों के निर्धारण के संबंध के संबंध में निर्णय लेने के लिए प्रशासन से पत्राचार कर समिति गठन किया जाए। केंद्र के 1. प्रो. विजय कुमार कौल (अध्यक्ष) 2. डॉ. पीयूष प्रताप सिह सहायक प्रध्यापक (सदस्य) 3. डॉ. हर्षलता पेटकर सहायक प्रध्यापक (सदस्य) 4. श्री सागर वि. ईखे (तकनीकी सहायक) (सदस्य) की समिति गठन करने की अनुशंसा की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| (आर्नॅलाईन सहभागिता)<br>1. प्रो. आर. सी. शर्मा<br>बाह्य सदस्य | (आर्नॅलाईन सहभागिता)<br>2. प्रो. दिनेश जोशी<br>बाह्य सदस्य | (आर्नॅलाईन सहभागिता)<br>3. श्री सौरभ कुमार<br>(भूतपूर्व शोधार्थी) सदस्य |
| (आर्नॅलाईन सहभागिता)<br>4. डॉ. पीयूष प्रताप सिंह<br>सदस्य | (आर्नॅलाईन सहभागिता)<br>5. डॉ. हर्षलता पेटकर<br>सदस्य | |

VKaul

प्रो. विजय कुमार कौल
अध्यक्ष

# सूचना एवं भाषा अभियांत्रिकी केंद्र की अध्ययन मंडल (BOS) बैठक की कार्यसूची

1. पूर्व में आयोजित अध्ययन मंडल की बैठक (12/04/2019) का अवलोकन एवं अनुमोदन।

2. केंद्र में संचालित एम.फिल. (सी.एल.) को च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (CBCS) के अंतर्गत निर्मित पाठ्यक्रम की समीक्षा कर अद्यतन (Updates) पर चर्चा एवं निर्णय।

3. केंद्र में संचालित पाठ्यक्रम पी-एच.डी. (आई.एल.ई.) को च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (CBCS) के अंतर्गत निर्मित पाठ्यक्रम की समीक्षा कर अद्यतन (Updates) पर चर्चा एवं निर्णय।

4. केंद्र में संचालित पाठ्यक्रम को एम.आई.एल.ई. को च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (CBCS) के अंतर्गत निर्मित पाठ्यक्रम की समीक्षा कर अद्यतन (Updates) पर चर्चा एवं निर्णय।

5. केंद्र में संचालित पाठ्यक्रम को पी.जी.डी.सी.ए. को च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (CBCS) के अंतर्गत निर्मित पाठ्यक्रम की समीक्षा कर अद्यतन (Updates) पर चर्चा एवं निर्णय।

6. केंद्र में अध्ययनरत् शोद्यार्थी सुश्री श्वेतांगी के शोध अवधि विस्तार पर सह- शोध निर्देशक प्रो. गिरीशनाथ झा, निदेशक, संस्कृत अध्ययन केंद्र, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के अनुमोदन पर चर्चा एवं निर्णय।

7. सत्र 2015-16 में प्रवेशित पी-एच.डी. शोधार्थी सुश्री गुंजन जैन पर मा. कुलपति महोदय के अध्यक्षता में परामर्श बैठक के कार्यवृत्त एवं प्रशासन द्वारा जारी पत्रांक 103/Admin/2013/25/10 दिनांक 21.08.2019 के परिपालन में प्रो. गिरीशनाथ झा, निदेशक, संस्कृत अध्ययन केंद्र, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय को सह- शोध निर्देशक नामित करने के आवश्यक कार्यवाही पर चर्चा एवं निर्णय।

8. सत्र 2013-14 के पी-एच.डी. शोद्यार्थी श्री प्रितेन्द्र कुमार मालाकार (प्रवेश तिथि 26.07.2013/पूर्व प्रस्तुति दिनांक 09.04.2018/शोध प्रबंध केंद्र में प्रस्तुत करने की तिथि 14.07.2019) की पूर्व प्रस्तुति के 15 माह उपरांत शोध प्रबंध केंद्र में प्रस्तुत किया गया, विश्वविद्यालय पी-एच.डी. अध्यादेश के अनुसार चर्चा एवं निर्णय।

9. सत्र 2014-15 के पी-एच.डी. शोद्यार्थी श्री दिव्य शंकर मिश्र (प्रवेश तिथि 08.008.2014/पूर्व प्रस्तुति दिनांक 09.04.2018शोध प्रबंध केंद्र में प्रस्तुत करने की तिथि 22.04.2019) की पूर्व प्रस्तुति के 12 माह उपरांत शोध प्रबंध केंद्र में प्रस्तुत किया गया, विश्वविद्यालय पी-एच.डी. अध्यादेश के अनुसार चर्चा एवं निर्णय।

10. अध्यक्ष, अध्ययन मंडल द्वारा प्रस्तावित अन्य विषयों पर चर्चा एवं निर्णय।

(विजय कुमार कौल)
निदेशक
सूचना एवं भाषा अभियांत्रिकी केंद्र

# सूचना एवं भाषा अभियांत्रिकी केंद्र की अध्ययन मंडल (BOS) बैठक का कार्यवृत्त

1. पूर्व में आयोजित अध्ययन मंडल की बैठक (12/04/2019) का अवलोकन कर अनुमोदित किया गया।

2. केंद्र में संचालित एम.फिल. (सी.एल.) पाठ्यक्रम की पाठ्यचर्या को च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (CBCS) के अंतर्गत संशोधन कर पारित किया गया।

3. केंद्र में संचालित पी-एच.डी. (आई.एल.ई.) पाठ्यक्रम की पाठ्यचर्या को च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (CBCS) के अंतर्गत संशोधन कर पारित किया गया।

4. केंद्र में संचालित एम.आई.एल.ई. पाठ्यक्रम की पाठ्यचर्या को च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (CBCS) के अंतर्गत संशोधन कर पारित किया गया।

5. केंद्र में संचालित पी.जी.डी.सी.ए. पाठ्यक्रम की पाठ्यचर्या को च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (CBCS) के अंतर्गत संशोधन कर पारित किया गया।

6. केंद्र में अध्ययनरत् शोद्यार्थी सुश्री श्वेतांगी के द्वारा प्रेषित पत्र पर सह- शोध निर्देशक की अनुशंसा ध्यान में लेकर शोद्यार्थी को दिनांक 24.11.2019 तक अतिरिक्त अवधि दिया गया।

7. दिनांक 01 अगस्त 2019 को कुलपति कक्ष में आयोजित परामर्श बैठक के कार्यवृत्त में विंदु क्रमांक 02 के अनुसार शोधार्थी सुश्री गुंजन जैन को मा. कुलपति महोदय के परामर्श अनुसार प्रो. गिरीशनाथ झा, निदेशक, संस्कृत अध्ययन केंद्र, जवाहार लाल नेहरू विश्वविद्यालय को सह- शोध निर्देशक के लिए पत्राचार की आवश्यक कार्यवाही के लिए केंद्र निदेशक नामित किया गया।

8. सत्र 2013-14 के पी-एच.डी. शोद्यार्थी श्री प्रितेन्द्र कुमार मालाकार की पूर्व प्रस्तुति के 15 माह की देरी से शोध प्रबंध केंद्र में प्रस्तुत करने के कारण का शोद्यार्थी न्याय-संगत विस्तृत विवरण केंद्र में लिखित रूप में प्रस्तुत करें जिस पर शोध-निर्देशक की टिप्पणी के उपरांत आगामी अध्ययन मंडल की बैठक में प्रस्तुत किया जाए।

Scanned with OKEN Scanner

9. सत्र 2014-15 के पी-एच.डी. शोद्यार्थी श्री दिव्य शंकर मिश्र पूर्व प्रस्तुति के 12 माह की देरी से शोध प्रबंध केंद्र में प्रस्तुत करने के कारण का शोद्यार्थी न्याय-संगत विस्तृत विवरण केंद्र में लिखित रूप में प्रस्तुत करें जिस पर शोध-निर्देशक की टिप्पणी के उपरांत आगामी अध्ययन मंडल की बैठक में प्रस्तुत किया जाए।

10. अध्यक्ष, अध्ययन मंडल के अनुमोदन उपरांत प्रस्तुत किया गया विषय

सत्र 2014-15 के पी-एच.डी. शोद्यार्थी सुश्री प्रिती लोखंडे के आवेदन पर शोध निर्देशक की अनुशंसा में शोध कार्य संबंधित प्रगति संतोषजनक नहीं पायी गई (विश्वविद्यालय के पत्रांक: 005/2018/DA&R/01/598 दिनांक 02.08.2019) द्वारा शोद्यार्थी के विपंजीकरण (DE-REGISTRATION) की अनुशंसा की जाती है।

(व्यक्तिगत कारण से उपस्थित होने में असमर्थ)

1. प्रो. आर. सी. शर्मा
बाह्य सदस्य

30.8.2019

2. प्रो. दिनेश जोशी
बाह्य सदस्य

